कुछ ट्राइबल एरियाज, पिछड़े इलाको और हिल एरियाज के लिए जो आपने नई स्कीमें बनाई हैं जैसे कि पाइलट प्रोजैक्ट्स है या मार्जीनल फारमर्स एग्रीकल्चरल लेबर डेवलप-मेंट एजेन्सीज या ट्राइबल एरियाज डेवलपमेंट स्कीमे हैं, इनसे अगर आप सारे ट्राइबल एरिया को कवर कर लेंगे, तो मेरा ख्याल है कि वहां पर पाच, छ साल के अन्दर काफी उत्पादन बढ़ जाएगा और वहा की एकोनामी भी अच्छी हो जाएगी। पूरे आदिवासी इलाके के लिए आप प्रोग्राम बनाइए। इसी तरह से हरिजन इलाको के लिए, जहा पर हरिजन ज्यादा कन्सेंट्रेटेड हैं, जहा पर उनकी आबादी बहुत ज्यादा है, कुछ ऐसे ही प्रोग्राम बनाने चाहिए ताकि इन लोगो को भी कुछ फ़ायदा मिले। जैसे आपने टी० डी० एस० वगैरह के कुछ प्रोग्राम बनाए हैं वैसे ही आप हरिजनो के लिए बनाइए ताकि उनको जमीन मिले, घर मिले, गाय बैल मिले और रोजी मिले। अगर ऐसा होगा तो उनका आर्थिक उत्थान होगा। और वे लोग भी तरक्की कर सकेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं इस कृषि मंत्रालय की मागों का समर्थन करता हू।

**श्री पन्ना लाल बारूपाल** (गंगानगर): मैं कृषि और सिंचाई मन्त्रालय की मागो का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हू। मुझे खुशी है और मेरी मान्यता भी है और मेरी ही नही बल्कि राष्ट्र के नब्बे प्रतिशत लोगो की यह मान्यता है कि बाबू जगजीवन राम कर्त्तव्य निष्ठ व्यक्ति है, कुशल प्रशासक हैं और साथ ही साथ भाग्यशाली व्यक्ति है। मैं समझता हूं कि जितनी धनराशि इर्रीगेशन और कृषि के सम्बन्ध मे इस मन्त्रालय द्वारा मागी जाती है उतनी राशि वित्त मंत्रालय इनको नही देता है और न ही उसने दी है। इसलिए केवल भाषणो और आश्वासनो से काम होने वाला नही है। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि इस मन्त्रालय को अधिक से अधिक धन दिया जाए, इस मन्त्रालय की मागों को पूरा किया जाए।

डाक्टरों ने मुझे परामर्श दिया है कि मैं बहुत कम बोलू। इस वास्ते मैं बहुत कम बोलूगा।

[श्री पन्ना लाल बारुपाल]

मेरे से पहले हमारे साथी श्री दरबारा सिंह, श्री नाथू राम मिर्धा, डा० के० एल० राव आदि ने जो सुझाव दिए हैं वे बड़े ठोस सुझाव थे और मैं प्रार्थना करता हूं कि मेरा नाम भी आप उनके साथ जोड़ लीजिये क्योंकि मैं उन बातों को दोहराऊंगा नही ।

सरकार की नीति के सम्बन्ध में मैं कहना चाहूगा ।

काम परे कुछ और है

काम सरे कुछ और

किसानों का गल्ला खरीदने का काम और है और बेचने का भाव और है । बाजरा हमारा 62 रुपये क्विंटल से लिया गया था और वही बाजरा हम को डेढ सौ रुपये क्विंटल के भाव पर दिया गया । डेढ सौ रुपये क्विंटल गेहूं का भाव दिया और वही हम को ढाई सौ रुपये क्विंटल मिला बाजार में । इस वर्ष आपने 105 रुपये गेहूं का भाव तय किया है । यह सही बात है । लेकिन गगा नगर जिले मे 150 और 160 रुपये है । हमारे साथ पंजाब की सीमा लगती है । मेरी कान्स्टीट्यूएंसी पंजाब वालों के साथ मिलती है । अब पंजाब के अन्दर 115 रुपये का भाव है और हमारे जिले में 150 रुपये का भाव है । अब इसको दुर्भाग्य न कहा जाए तो और क्या कहा जाए । जहां आप किसानो से अनाज लेते हैं वहा आप उनको डीजल भी दे, ट्रैक्टर भी दे, खेती के औजार भी दे, बीज भी दें । लेकिन ये चीजें तो उनको मिलती नही हैं और आप उनसे उनका उत्पादन लेना चाहते हैं । मेरी प्रार्थना है कि इन चीजों को उपलब्ध करने की भी आपको व्यवस्था करनी चाहिये ।

सर्वप्रथम राजस्थान नहर के काम को आप युद्ध स्तर पर पूरा करने की कोशिश करें राजस्थान के अन्दर लाखों एकड़ जमीन पड़ी हुई है और उसमें लाखों टन अनाज की उपज हो सकती है । हम अमरीका आदि देशों से अनाज मगाते हैं । यदि राजस्थान नहर को पूरा कर दिया जाए तो मेरी मान्यता है कि हम अनाज बाहर भेज सकते हैं । इसलिए आप राजस्थान नहर को सर्वोच्च प्राथमिकता दें ।

सूरतगढ जिले मे गांव हैं किशनपुरा, बडोपल, कानारे, ठिठासर, मानकथेड़ी, रगमहल और मोजेवाला जिनकी बीस हजार एकड जमीन जलमग्न है और सात वर्षों से उसमे पैदावार नही हो रही है । सोलह एकड़ के अन्दर अगर एक किसान पांच हजार रुपये पैदा करता है तो इसका अर्थ हुआ कि एक किसान को पैंतीस हजार रुपये का लाभ होता है । सरकार ने उनको जमीन के बदले जमीन नही दी है जोकि जल्दी ही दी जानी चाहिये । दूसरी बात यह है कि मत्स्य विभाग और इर्रीगेशन डिपार्टमेंट के साथ मिले हुए हैं और जो वहा पर मछलिया पैदा होती हैं उनको ठेकेदारो को बेच देते हैं । जमीन किसानो की डूबी हुई है, फसल उनकी नष्ट हुई है और अब अगर वहा मछलिया पकडी जाती हैं तो उनके हकदार ये किसान ही तो है । मछलियों की पैदावार किसानो को मिलनी चाहिये । इनके पैसे किसानो को मिलने चाहिये । मैं चाहता हू कि मौके पर जाकर आप वास्तविक स्थिति का अध्ययन करें या अपने अधिकारियो को भेज कर अध्ययन करवाए । जिस तरह से बम्बई के अन्दर एक तरफ बडी बडी बिल्डिंग्ज हैं मैरीन ड्राइव है और दूसरी तरफ समुद्र है उसी तरह से राजस्थान के अन्दर बीस हजार एकड़ जमीन मे आपको समुद्र का दृश्य नजर आएगा जिसमें पचास फीट से लेकर साठ फीट तक पानी है । मैं चाहता हू कि यहां के किसानो को आप न्याय दिलाए ।

हमारे राजस्थान में राजस्थान राइस फ्लोर एसोसिएशन है । वहा पर धान में से चावल निकाला जाता है । चावल पर आप लेवी लगाना चाहें तो लगा कर चावल आप ले सकते हैं लेकिन आप तो धान ले रहे हैं । अगर आप चावल के बदले धान लेंगे तो इसका नतीजा यह होगा कि सारी वे मिलें बन्द हो

जाएंगी, सैकड़ों, हजारों मजदूर बेकार हो जाएंगे, उनको मजदूरी नहीं मिलेगी। आपको चावल से मतलब है, धान से नही। फूड कारपोरेशन की जो इस सम्बन्ध में नीति है उसको आप बदलें। इसके सम्बन्ध में मैंने बाबूजी को एक पत्र भी लिखा है।

हमारे इलाके में सूखा पडा हुआ है। राजस्थान के 26 जिलों में से 23 मे सूखा पडा हुआ है। वहा की स्थिति बहुत दयनीय है। लोग भूखो मर रहे है। अनाज वहा मिलता नही है। माइलो मिलता है जिस को गधे भी नही खाते है। जिस मात्रा में पाच छ किलो यह दिया जाता है उसमें पूरा भी नही पडता है। न बाजरा, न ज्वार और न गेहू मिलता है। इस तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये।

जब स्टेट्स का एकीकरण किया गया था तब सरदार पटेल ने आश्वासन दिया था किसी भी स्टेट के महत्व को खत्म नही किया जाएगा। मैं गगानगर से आता हू बीकानेर की एक स्टेट साथ में लगती है। गगानगर मे गेहू पैदा होता है। लेकिन बीकानेर वाले उसको ले जा नही सकते है। यह जो प्रतिबन्ध है इसको हटाया जाना चाहिये। मेहरबानी करके अनाज के आने जाने पर वहा प्रतिबन्ध हटाए।

वर्षा अमूमन जैसलमेर और बीकानेर में छ सात इच से अधिक नही होती है। भूतपूर्व महाराजा बीकानेर ने, वहा के नरेश ने बंधे बनाए थे, नहरे बनवाई थी। नहरो के द्वारा पानी को टैंको के अन्दर डाला जाता है। कुछ उस पानी से खेती होती थी। आज उन बधो की देखभाल नही होती है। शायद इसलिए नही की जाती है कि राजाओ द्वारा ये बनाए गए थे और शायद ईर्ष्यावश ऐसा होता है या इस कारण से होता है कि उसका श्रेय नही मिल सकता है। राजा महाराजा तो खत्म हो गए। सारा देश और सारी प्रजा अब हमारी है। तहसील भी कोलायत है जो बीकानेर डिवीजन के अन्दर है कई बांध हैं उनको नया बनाया जाए, उनकी मरम्मत की जाए, नहरो की मरम्मत की जाए।

खाद का कारखाना आपके हाथ में नही है। 24 साल से मैं मैं इसकी मांग करता आ रहा हू। औद्योगिक दृष्टि से हमारा क्षेत्र बहुत पिछडा हुआ है। उसकी तरफ कोई ध्यान नही दिया गया है। हिसाब लगा कर बना दिया जाता है कि तुम्हारे यहा भाखडा नहर है, गग नहर है, राजस्थान नहर है। ये तो प्रकृति की देन है। वह तो राष्ट्रीय सम्पत्ति है। लेकिन आप देखे कि बीकानेर डिवीजन पिछडा हुआ है। पिछडा हुआ होते हुए भी उसको पिछडा हुआ घोषित नही किया गया है। आप राज्य सरकार पर दबाव डाले कि वह उसको पिछडा हुआ घोषित करे।

जमीन देने के बारे मे बहुत लम्बे चौडे आकडे निकाले जाते हैं। सीलिंग का जब कानून बनाया गया था तब कहा गया था कि जो जमीन निकलेगी उसको हम हरिजनो को देगे। काग्रेस सरकार ने कहा था कि हम आपको ऊचा उठाएगे। यह सुन कर बडी खुशी भी हुई थी। लेकिन हुआ क्या है ? या तो हमें जमीन दी ही नही गई है, दी भी गई है तो वह दी गई है जो विवादग्रस्त है और जिनके हाथ मे वह है वे लठ और बन्दूक लिये खडे रहते है या फिर टिबो पर दी गई है। इस तरह से तो बहुत ऊचा आपने हमको चढा दिया है लेकिन उसका कोई लाभ नही हुआ है।

मैं आपको धन्यवाद देता हू कि आपने मुझे अवसर दिया है। मैंने जो सुझाव दिए है मैं आशा करता हू कि उनको अमल में लाने का कृषि मन्त्रालय प्रयत्न करेगा।

अन्त मे मैं एक पत्र भी मन्त्री महोदय को देता हू और उनसे प्रार्थना करता हू कि उसमें जो बाते हैं उनको वह जाच करवाए।

**श्री सी० डी० गौतम** (बालाघाट) उपाध्यक्ष महोदय, मैं सभी मांगो का समर्थन करता हू और जो कुछ बाते मैं कहने जा रहा

[श्री सी० वी० गौतम]

हूं, हालांकि उनका ज्यादातर सम्बन्ध राज्य सरकार से है परन्तु केन्द्रीय सरकार को यह सब बातें पूरी कराने के लिए उनको मजबूर करना चाहिये।

हम देख रहे है कि 2. 3 साल से अकाल और सूखा पड़ रहा है, लेकिन इस साल 1974 में उससे धान की फसल बहुत ही क्षतिग्रस्त हुई है। कही कही तो उगाया हुआ बाज निकला ही नही। लोगो की हालत बहुत ही खराब है। मेरा क्षेत्र बालाघाट है जो कि मध्य प्रदेश से है, छत्तीसगढ का भी वही हाल है। दोनो क्षेत्रो में सूखा है और जहा जहा धान की फसल थी सब जगह सूखा है।

इस तरह का जो अकाल पड रहा है, इससे लोगो को खाने को नही मिल रहा है। किसानो को तो यह भुगतना पड ही रहा है लेकिन उनके साथ-साथ पूरी जनसख्या को भी यह भुगतना पड रहा है। कम-से-कम इससे तो गवर्नमेंट को सबक लेना चाहिये। सिचाई की छोटी और बडी योजनाए जो उसने हाथ में ली हैं या लेने का निर्णय किया है वह पूरी करनी चाहिये।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित एक सीवं कसा योजना है जो मध्य प्रदेश और महा राष्ट्र के बीच में बाउण्ड्री पर है। उस योजना का अभी कोई ठिकाना नही है। अगर यह योजना कामयाब हो जाये तो कम-से-कम 30–35 हजार एकड जमीन की सिचाई हो सकेगी और जो हर वक्त वहा अकाल पडता है, वह नही पडेगा।

वैसे ही अपर वैन गगा स्कीम है। यह कई बरसों से योजना मजूर की गई है पर वह भी चालू नही की गई है। अगर यह योजना कार्यान्वित हो जायेगी तो कम-से-कम दो लाख एकड़ जमीन की सिंचाई होगी।

इसी तरह से बहुत सी योजनाएं है जो कि कार्यान्वित नही हो रही हैं और, यह तो बड़ी योजनाएं हैं जिनमें लाखों करोड़ों का सवाल आ जाता है। छोटी योजनाएं जिनका स्टेट से सम्बन्ध है, परन्तु केन्द्र उनको कराने के लिये स्टेट को मजबूर कर सकता है, वह यह है कि जैसे ग्राम में पानी पहुंचता है बिल्कुल सड़को में से या गलियों में से पानी आता है वह बडा अच्छा रासायनिक पानी होता है। उससे फसल बड़ी अच्छी होती है लेकिन वह बेकार जाता है। पुराने जमाने में मालगुजार लोग रहते थे, वे उसका उपयोग करते थे। उसे खेतो में ले जाते थे। अब ग्राम पंचायतें बन गई है, वहा पर कोई नही देखता है, कोई आदमी जिमेदार नही होता है और कोई परवाह नही करता है। इसलिए ऐसा पानी जो बड़ा कीमती माना जाता है, उस पानी की सही व्यवस्था करनी चाहिये।

जो जगलों से, पहाडो से पानी आता है बरसात में वह भी रासायनिक पानी होता है। उसका भी उपयोग करना चाहिये। जो छोटे छोटे नदी और नाले है, उन पर भी बाध बनवाए तो मैं समझता हू कि अगर इतना ही काम करें तो हजारो लाखो क्विटल अनाज पैदा हो सकता है। इन छोटी योजनाओ मे ही यह हो सकता है, बडी योजनाए तो होती रहेंगी।

इसलिये मेरी मत्रालय से प्रार्थना है कि इस ओर ख्याल करें। हालाकि यह स्टेट गवर्नमेंट से सम्बन्धित है लेकिन केन्द्रीय सरकार स्टेट गवर्नमेट को मजबूर करे कि वह इस कार्य को करे।

इस साल 1974 में फर्टिलाइजर्स की कीमते प्रायः दुगुनी हो गई है। मन्त्री जी इस बात का ख्याल करें कि इसकी कितनी बिक्री हुई। कीमते दुगनी हो जाने से बिक्री बहुत कम हुई है। जब बिक्री कम हुई है तो फसल कम हुई और इस तरह से भुखमरी बढ़ गई। यह सब बातें हम आपके सामने रखते है।

फर्टिलाइजर के बारे में मैं एक बात और भी अर्ज करना चाहता हूं कि फर्टिलाइजर बहुत अच्छी चीज है । लेकिन जब हम इसका उपयोग करते हैं, तो कुछ-कुछ हमने यह भी तजुर्बा पाया है कि जब धान की फसल में फर्टिलाइजर डालते हैं और उसमे उड़द, लखौरी, अलसी की फसल ब्राडकास्ट तरीके से बोते हैं तो फर्टिलाइजर ज्यादा डालने के कारण जमीन कड़ी हो जाती और जो ब्राडकास्ट फसलें हैं, वह टीक पकती नही हैं, फसल कम होती है । तो इस ओर भी अनुसंधान करने वालों को ख्याल करना चाहिये ।

फर्टिलाइजर की एक और भी खामी है । जिस समय फर्टिलाइजर डालते है तो फसल में जो दाना आना चाहिये वह बहुत मोटा हो जाता है । हमारे यहां चिन्नौर एक बढ़िया किस्म का धान होता है । दूसरे और भी बढ़िया किस्म के धान हैं । अगर फर्टिलाइजर को किन्नौर में या दूसरी फसलों मे डाले तो उसकी सुगन्ध खत्म हो जाती है और जो पतला दाना होता । वह मोटा हो आता है । इसलिये हम उसका उपयोग ज्यादा नही करते हैं ।

आज गोबर का खाद तो मिलता नहीं है । पानी बरसता नही है इसलिये चारा भी कम हो गया हे । यह सब समस्याएं सामने आती हैं । इस पर भी मंत्री महोदय को कुछ ध्यान देना चाहिये ।

हमारे यहां अनुसंधान का काम भी चालू हुआ है । पड़ती जमीन तो बहुत ज्यादा है । मेरा एक सुझाव यह है कि अगर सरकार जोत की तरफ ध्यान दे, हमारे यहां कई हजार एकड़ जमीन है, वह जोत में लगाने लायक है, अगर सरकार इसको जोत में लगावे तो जो लोगों के पास भूमि की कमी है वह सवाल भी हल हो जायेगा । पड़ती भूमि को जोत में लाना जरूरी है ।

हमने ग्राम सेवक को एक ईकाई माना है । ग्राम सेवक से हम उम्मीद करते हैं कि वह किसान लोगों को सिखाये । हर प्रकार के बीज, फर्टिलाइजर, जमीन की किस्म के बारे में बताये और खेती के जो नये तरीके हैं, उनके बारे में बतावे ।

इन्दौर और मालवा गेहूं क क्षेत्र हैं यहां गेहूं ज्यादा होता है । छत्तीसगढ़ में धान होना है । कहीं कहीं यह देखने में आया है कि जो इन्दौर या मालवा का रहने वाला ग्राम सेवक है उसको छत्तीसगढ़ में भेज दिया जाता है । उसको धान की उपज करने के बारे में, उसकी तैयारी करने के बारे में कुछ भी मालूम नहीं रहता है । ऐसा आदमी उस क्षेत्र के लिये बिल्कुल निरर्थक होता है । इस तरह से जो ग्राम सेवक भेजे जाते हैं इस पर भी ख्याल किया जाये कि जिस क्षेत्र का ग्राम सेवक रहने वाला हो उसको उसी के नजदीक भेजा जाये ताकि वह सब खेती की हालत खुद ही जानता है, और लोगों से हिल-मिलकर सब बाते कर करना है ।

**15 hrs.**

**श्री कमला मिश्र "मधुकर"** (केसरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, कृषि मंत्रालय की ओर से यह दावा किया जाता है कि हमने खेती में बहुत तरक्की की है । लेकिन मैं समझता हूं कि आज ऐसी स्थिति आ गई है कि सरकार को कृषि की पूर्ण नीति पर फिर से विचार करना चाहिए, और यह देखना चाहिए कि उस बे जो कुछ किया है, उस का परिणाम क्या हुआ है । सरकार की नीतियों और कार्यों का परिणाम यह हुआ है कि देश में कैपिटलिस्ट फार्मर पैदा हो गये हैं, जिनको खेती के काम में इन्ट्रेस्ट नहीं है । सरकार कहती है कि कृषि में उन्नति हुई है, ग्रीन रेवोल्यूशन हुआ है, फिर भी खेती की पैदावार में गिरावट हुई है । आज कृषि की पैदावार में विकास की गति अवरुद्ध हो गई है ।

(श्री कमला मिश्र "मधुकर")

हालांकि गेहूं की फसल अच्छी हुई है, लेकिन पिछले सालों में गेहूं की जो रिकार्ड फसल हुई थी, उतनी फसल नही होने जा रही है । इसका कारण यह है कि भारत सरकार और राज्य सरकारों ने खेती के मामले मे गैर-पूंजीवादी नीति को नही अपनाया है । जब तक वे इस नीति को नही अपनायेंगी, तब तक कृषि में उन्नति होने की कोई गुंजायश नहीं है ।

जहां तक भूमि-सुधारो का सवाल है, सरकार ने यह ऐलान किया कि 1974 का साल भूमि-सुधारों के साल के रूप मे माना जायेगा । लेकिन ठीक उस के उलट हुआ है। भूमि-चोरो ने भूमि चुरा ली है । भूमि-सुधार सम्बन्धी कानूनो पर अमल नही किया जा रहा है । बड़े बड़े जमीदार किसानों की हत्यायें करा रहे है । चम्पारन जिले मे ऐसे 15 गरीब किसानो की हत्यायें की गई हैं, जो भूमि की लडाई लड़ते हैं, जो हदबन्दी कानून, बटाई कानून और घरवासगित कानून को लागू करने की मांग करते हैं । मैं अभी अपने इलाके मे गया था । वहां एक किसान की इसलिए हत्या कर दी गई कि उसने अपने इलाके मे बटाई के सवाल पर जमींदारों के खिलाफ आन्दोलन किया था । तमाम जमीदारों ने साजिश करके उस की हत्या कर दी, लेकिन प्रशासन इस बारे में कुछ भी नही कर सका है ।

प्रश्न यह है कि क्या भूमि-सुधार कानून को अमल में लाया जायेगा या नही, और क्या प्रशासन की वर्तमान मशीनरी के द्वारा यह काम होगा या नही । केरल में भूमि-सुधार सही ढंग से लागू किये गये है । क्या सरकार दूसरे राज्यों में भी उसी पैटर्न पर भूमि सुधार लागू करने की व्यवस्था करने जा रही है ? क्या यह केवल बकवास है, लोगों को ठगने का एक ढंग है कि हम भूमि-सुधार लागू करने जा रहे हैं और हम हदबन्दी करके फाज़िल जमीन को हरिजनों में बांटने जा रहे हैं, आदि ? ये बकवास की बातें बन गई हैं । इसलिए मैं चाहता हूं कि इन कानूनों को लागू करने के बारे में केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों पर कड़ाई की जाये, और जो कानून पास हो चुके हैं, उन को लागू किया जाये, और यह साल भूमि-सुधार के साल के रूप में माना जाये ।

सरकार ने कृषि की तरक्की के लिए किसानों को जितनी भी सुविधायें दी हैं, केवल धनी किसानो, कैपिटलिस्ट फार्मर्ज, ने उनसे लाभ उठाया है । गांवो में जो छोटे और मंझौले किसान हैं, खाद, बीज, ऋण और सिचाई के सम्बन्ध मे उनकी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है । वे खेती की तरक्की करना चाहते हैं, लेकिन उनको पर्याप्त सुविधायें नही दी जाती हैं । इस लिए प्रशासन की ओर से यह व्यवस्था की जाये कि वे सब सुविधाये छोटे और मझौले किसानो को उपलब्ध हो सके ।

सरकार ने गेहूं का दाम 105 रुपये प्रति क्विटल निर्धारित किया है । पूरे देश में यह माग हो रही है कि उसकी कीमत बढ़ा कर 125 रुपये की जाये एक तरफ तो किसानों को इनसेंटिव दिया जाये, और दूसरी तरफ खेत-मजदूर और इंडस्ट्रियल वर्कर्ज जैसे गरीब लोगों को सबसिडाइज्ड रेट पर राशन दिया जाये, जो खरीद कर अनाज खाते हैं ।

पूरे देश में यह आन्दोलन चल रहा है कि शुगर इंडस्ट्री का राष्ट्रीयकरण किया जाये । शुगर को व्हाइट गोल्ड अर्थात् श्वेत स्वर्ण कहा गया है, लेकिन सरकार उसका नेशनलाइजेशन नही कर रही है । इसका नतीजा यह है कि चीनी की पैदावार में तरक्की नहीं हो रही है । मैं समझता हूं कि राष्ट्रीयकरण के बिना चीनी के उत्पादन में वृद्धि नही होगी ।

मेरे इलाके में गंडक प्राजेक्ट लागू है । उसके द्वारा जितनी सिंचाई की क्षमता उपलब्ध

हुई है, उसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है, क्योंकि वहां पानी के अभाव की समस्या है, और वहां फील्ड चैनल्ज का निर्माण नहीं हो रहा है। गंडक योजना का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है, कोई तरक्की नहीं हो रही है, जबकि खर्च बढ़ रहा है। इस प्रकार गंडक योजना सरकारी पैसे को गलत ढंग में खर्च करने का माध्यम बन गई है। किसानों को उस से कोई लाभ नहीं हो रहा है।

चम्पारन की जमीन बहुत उर्वरक है। वहां एक एकड़ जमीन में बिना सिंचाई की व्यवस्था के सौ मन धान होता है। लेकिन वहां हर साल छोटी छोटी नदियों में बाढ़ आने के कारण किसानों की काफी बर्बादी होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि चम्पारन की सभी नदियों के पानी का सही इस्तेमाल करने के लिए योजना बनाई जानी चाहिए।

फ्लड कंट्रोल पर जितना खर्च होता है, बाढ़ के कारण किसान को उससे कई गुना अधिक क्षति होती है। पूरे देश में बाढ़-नियंत्रण की योजनायें खटाई में पड़ी रहती है और कोई काम नहीं होता है। मैं चाहूंगा कि चम्पारन में अधवारा समूह की नदियों में जो बाढ़ आती है, उसमें चम्पारन मुजफ्फरपुर, सारन, दरभंगा और सीतामढ़ी के इलाकों की रक्षा करने के लिए एक समग्र बाढ़-नियंत्रण योजना बनाई जाये, जिससे उन इलाकों की फर्टाइल जमीन का सही इस्तेमाल हो सके।

बिहार सरकार ने हाल ही में बिजली के रेट के बारे में एक नई नीति बनाई है, जिस का मतलब यह है कि जो किसान पंपिंग सेट और बोरिंग इस्तेमाल करते है उन को एक निश्चित रकम बिना बिजली इस्तेमाल किये हुए भी देनी पड़ती है। इससे किसानों में बड़ी खलबली मच गई है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि मंत्री महोदय राज्य सरकार को इस नीति को बदलने के लिए लिखें, ताकि किसान जितनी बिजली इस्तेमाल करे, उससे उतना ही चार्ज लिया जाये, उससे अधिक नहीं।

खेती पर देश की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा निर्भर करता है। इस समय सरकार खेती के सम्बन्ध में पूंजीवादी राह पर चल रही है। सरकार को उस मार्ग का परित्याग करके गैर-पूंजीवादी राह पर चल कर, ग्राम छोटे किसानों तथा भूमिहीनों को सहायता देकर, खेती की तरक्की की व्यवस्था करनी चाहिए। वह अमरीका की राह पर चल कर खेती में तरक्की नहीं कर सकती है। गैर-पूंजीवादी रास्ते पर चल कर ही खेती को तरक्की की जा सकती है।

SHRI PAOKAI HAOKIP (Outer Manipur): So far as agricultural development is concerned, one of the most important problems that confront the country is the sector of the hill areas The population inhabiting the hill areas is very backward Though so many years have elapsed after independence, no substantial improvement has taken place in their plight.

The Government of India had agreed to certain projects being taken up in Manipur and Uttar Pradesh for the development of agriculture One of them happens to be located in my constituency. Fortunately the Government of India has recenly decided to continue them. I would request the Ministry to do everything possible and provide enough money, so that these projects are pursued with greater success in the Fifth Plan

The hill areas of Manipur are in an advantageous position in the matter of taking up the development of agriculture If only the Government takes interest in their development I do not think there will be much difficulty, because, so far as irrigation and other facilities are concerned, the State has great potentiality. I would, therefore, request the Ministry here to look after the interests of the people there

Next, I would like to touch upon development of agriculture in the country as a whole. No doubt, agricultural development has been

[Shri Paokai Haokip]

tremendous over the years. We have given priority to the agricultural sector in our plans, and because of this we have been able to secure a tremendous success, but if we view it from a different angle, that is to say the income to the nation from the agricultural sector, we find that the performance is very poor. In 1960-61 the income was Rs. 6,500 crores and in 1972-73 it rose to Rs. 18,000 crores. What happened subsequently in that in 1972-73, this figure came down again. This had happened because the subject was dealt with by the State, that is to say, the measures suggested by he Centre to develop the national income from agriculture were not touched by them. What I mean to say is that considering the investment put into agriculture, irrigation and power, the return from these two projects is very poor. Because or this, there is an inflation and there is price rise. Therefore, I would say that it would have been better if the Central Government had included this subject in the Union List. But unfortunately, this happens to be in the State List. Therefore, whatever investment has to be made in this regard, when we consider the national income, as a whole, our agricultural development has not been able to contribute very much to it. Therefore, it should be high time for the Government to consider this aspect seriously and take some more measures in order to encourage the State to prepare themselves to realise more resources from the investment in this sector. Otherwise, we will not be able to make that much progress that we expect from the development of agriculture. So far as irrigation is concerned, very affluent agricultural farmers are benefitted from this, because they can invest more; their holding power is more. They are able to make use of the resources available. That is why. I would like to emphasise that the Government should seriously think of levying a special cess, so far as agriculture is concerned. Irrigation Projects, power generation and distribution must be made self sustaining and remunerative.

There are now six pilot projects in the country and they are confined to certain States like, Bihar, Andhra Pradesh, Orissa and Uttar Pradesh. For the last so many years, these projects are confined to these States, whereas the object of the projects is to improve the tribal areas, in particular, and hill areas in general.

It is high time now to spread these probjects to other parts of the country also.

Therefore, I would request the Minister to consider this aspect also and take these projects to other parts of the country so that other States will also be benefitted from it.

श्री भगत राम मनहर (जंजगिर) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे सिचाई और कृषि मंत्रालय की मागो पर बोलने का जो अवसर आप ने दिया उस के लिए मैं आप को धन्यवाद देता हूं । कृषि मंत्रालय ने कुछ वर्षों में जो तरक्की की है उसके कुछ आंकड़े मैं प्रस्तुत करना चाहूंगा । खाद की खपत 1950–51 में 1 लाख टन थी । वह बढ़ कर 73–74 में 32 लाख टन हो गई । ट्यूबवेल 1966 में 93,000 थे वह बढ़ कर 73–74 में 8 लाख 20 हजार हो गए। एलेक्ट्रिक पंम्पिग सेट्स 5 लाख से बढ़ कर 24 लाख हो गए । ट्रैक्टर्स 60–61 में 31 हजार थे ओ 73–74 में 2 लाख हो गए । हाई इल्डिंग वैराइटी के अन्तर्गत एरिया 1971–72 में 17.94 मिलियन हैक्टर था वह 1973–74 में 25 मिलियन हैक्टर हो गया । 46 स्माल फार्मर्स डेवलपमेंट एजेंसीज काम कर रही हैं इस समय और 41 मार्जिनल और ऐग्रिकल्चरल लेबरर्स प्रोजेक्ट चल रहे हैं जिससे 12 लाख काश्तकारों को फायदा हो रहा है । ये ऐसी योजनाएं हैं जिन से आम जनता के करीब कृषि विभाग पहुंच सका है । इसके लिए मैं कृषि विभाग के अधिकारियों और मंत्रालय को विशेष धन्यवाद देना चाहूंगा ।

इस के साथ साथ मैं यह निवेदन करूंगा कि जो हमारे देश में सूखे की स्थिति है उस का मुख्य कारण जो मैं समझ पाया हू वह हमारी पंचवर्षीय योजनाओ का अव्यावहारिक होना है। खास कर के सिचाई के मामले में सिंचाई मंत्रालय ने और योजना मंत्रालय ने उस को प्राथमिकता न दे कर बहुत भारी भूल की है। हम चिल्लाते है कि बहुत सी बडी बडी सिंचाई योजनाए झगडे मे पडी हैं, उन के ऊपर अन्तर-प्रान्तीय झगडे है जो हल नही हो पाए हैं जिस से उन को नही पूरा किया जा सका। लेकिन जो छोटी छोटी निर्विवाद योजनाए है जो बहुत ही सहूलियतो से पूरी हो सकती है उनके ऊपर सिंचाई मंत्रालय ने ध्यान देने का कष्ट नही किया है। खास कर के अपने क्षेत्र की मैं दो चार योजनाओ के बारे मे चर्चा करना चाहूंगा। एक हस्दो बागो बाध है जिस मे 80 करोड रुपये खर्च होंगे। उससे साढे सात लाख एकड की सिंचाई होगी। साढे सात लाख टन अतिरिक्त अनाज का उत्पादन होगा, साढे दस करोड रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी, 150 मेगावाट बिजली पैदा होगी और कोरबा औद्योगिक सस्थान को जल प्रदाय होगा। इस प्रोजैक्ट के ऊपर केन्द्रीय सरकार विशेष तवज्जह न देकर कुछ अच्छा नही कर रही है। इस योजना के बारे मे अगर केन्द्रीय शासन से कहा जाय तो कहते है कि प्रदेश सरकार के पास लंबित है और प्रदेश शासन से कहते है तो कहा जाता है कि हमने केन्द्रीय शासन को भेजा है। इस तरह से यह योजना अधर मे लटक रही है। इसी तरह से और भी छोटी छोटी योजनाए हैं। मागर हाफ योजना है उससे 1 लाख एकड भूमि सिंचित होगी, 15 करोड का उस पर खर्च है। अरपा योजना है उस से 2.2 लाख एकड़ की सिंचाई होगी, 25 करोड़ का खर्च है। लीलागर योजना से 1 लाख एकड भूमि सिंचित होगी, 5 करोड़ का खर्च है। बोराई योजना से 50 हजार एकड़ की सिचाई होगी, 3 करोड़ का खर्च है। मान्द से 1 लाख एकड़ भूमि सिंचित होगी, 6 करोड़ का खर्च होगा। केलो योजना से 1 लाख एकड़ की सिचाई होगी 5 करोड का खर्च होगा। इस तरह से जो सिंचाई की छोटी-छोटी योजनाए है इनको प्राथमिकता मिलनी चाहिए, लेकिन वह नही मिल पाई है। मै कृषि मंत्रालय से निवेदन करूगा कि इन छोटी-छोटी योजनाओ पर वह विशेष ध्यान दे जिस से इस क्षेत्र के सूखे की स्थिति का स्थायी हल हो सके। हम कृषि पैदावार की बात तो बहुत करते है लेकिन जिस तरीके से विभाग का पुनर्गठन करना चाहिए और जो छोटी-छोटी बाते हैं जिन पर हमें तवज्जह देनी चाहिए वह नही दे पा रहे हैं। लैण्ड सीलिंग आप ने कम्पल्सरी कर दी। उस के साथ-साथ चकबन्दी को भी जब तक कम्पल्सरी नही करेंगे तब तक पैदावार नहीं बढ पाएगी। छोटे-छोटे किसान सब समझते हैं कि हम को किस तरह से खेती करनी चाहिए। इन्टेंसिव कल्टीवेशन करना चाहते है। लेकिन इस लिए नही कर सकते कि उन की जमीन छोटे-छोटे टुकड़ो में बटी हुई है। कुआ खोदने के लिए भी एक चक जमीन नही है अभी आपने सिचाई कुआ हेतु डेढ एकड से तीन एकड के चक का फैसला किया है, एक चक जमीन न होने से उस मे भी न कुआ खुद सकता है और न सिचाई हो सकती है। इस के लिये आप को कम्पल्सरी रूप से चकबन्दी करनी पडेगी, तभी हम पैदावार बढाने मे समर्थ हो सकेंगे।

हमारा एग्रीकल्चर विभाग, एक टैक्नीकल डिपार्टमेंट कहलाता है, लेकिन बोलचाल मे ही है, आफिशियली इस को अभी तक टैक्नीकल डिपार्टमेंट डिक्लेयर नही किया गया है। मै मन्त्री महोदय से अनुरोध करूगा कि वे इस विभाग को शीघ्र टैक्नीकल विभाग घोषित कराये।

आज कृषि विभाग मे जितने अधिकारी होते हैं, हैड-आफ-दि डिपार्टमेंट, वे प्रायः आइ० ए० एस० अफसर होते हैं, टैक्नीकल

[श्री भगत राम मनहर]

बातों का उन को ज्ञान नहीं होता है और इस वजह से वे बात बात में अड़ंगा लगाते है। कोई भी टैक्नीकल आदमी कितनी ही अच्छी स्कीम प्रस्तुत करे, उस को अधिकारियों द्वारा नाट फिजिबल कह दिया जाता है जिस का विपरीत असर पड़ता है। इस तरफ हमारे कृषि मंत्रालय का विशेष ध्यान देना चाहिए।

आज आवागमन की सुविधाएं भीतर के क्षेत्र में न होने से खाद बीज, दवाइयां जैसी चीजें समय पर नहीं पहुंच पाती है। जब तक आवागमन को सुधारने का काम हमारी योजनाओं में शामिल नहीं किया जायगा, तब तक इंटीरियर के क्षेत्र उन्नति नहीं कर सकते। हमारे यहां माचिस, जो दिल्ली में 15 पैसे की मिलती है, वहां 25 पैसे की मिलती है। दवाइयां नहीं मिलती है, बीज नहीं मिलता है, खाद नहीं मिलता है और वहां जो पैदावार होता है वह ठीक समय पर मार्केट में नहीं पहुंच पाती है। इन सब चीजों की तरफ मन्त्रालय का ध्यान जाना चाहिये।

आप ने लेवी वसूल की जो नीति बनाई है, वह बहुत अच्छी है। लेकिन उसका जो पालन हो रहा है वह बहुत ही गलत तरीके से हो रहा है, अधिकारीगण उस का ठीक से पालन नहीं करते हैं। जो उन की मर्जी में आता है, जिस तरह से चाहते हैं रूल्ज को इंटरप्रेट करते हैं। जिसकी वजह से किसानों के अन्दर बहुत असन्तोष व्याप्त है। इस का एक मुख्य कारण यह भी है कि उन के धान की जो कीमत मिलती है, वह अव्यवहारिक है। इस पर व्यावहारिक ढंग से आप को सोचना पड़ेगा, तभी पैदावार बढ़ाना सम्भव हो सकेगा। आज अधिकारी किसानों के घरों में घुस जाते हैं, लेवी अधिग्रहण के नाम से वसूली करने लगते हैं। इसी वजह से किसानों का ध्यान धान और दूसरी फसलों की पैदावार की तरफ से हटता जा रहा है और यदि ऐसी ही स्थिति चलती रही तो, एक दिन किसान केवल अपने खाने भर के लिए धान गेहूं पैदा करेगा और इन फसलों के बजाय जो दूसरी फसलें उसको अच्छी लगेगी उन को पैदा करेगा।

मध्य प्रदेश में 1956 में एक हजार हैक्टेयर में आलू की फसल होती थी, लेकिन अब 1974-75 में 20 हजार हैक्टेयर में आलू की फसल हुई है। वहां पर प्रतिवर्ष 2 लाख क्विंटल बीज की आवश्यकता है लेकिन वहां पर आलू के लिए कोई भी प्रजनन प्रक्षेत्र नहीं है। इसलिये मेरा सरकार से अनुरोध है---वहां पर तीन-चार फार्म्स ऐसे है जैसे---खोकसा बिलासपुर में, खमरिया, जबलपुर में, इनके अलावा और फार्म्ज भी हैं, उनको आप आलू का प्रजनन प्रक्षेत्र घोषित कर सकते हैं। वहां बीज या आलू को रखने के लिये शीतगृह की व्यवस्था भी नहीं है। यदि सरकार शीत-गृह के लिये अनुदान देने की व्यवस्था करे तो इन वस्तुओं को सुरक्षित रखा जा सकता है।

मध्य प्रदेश में चम्बल बीहड़ को समतल करने की एक योजना वहां की सरकार ने केन्द्रीय सरकार के पास भेजी थी, लेकिन केन्द्रीय सरकार की ओर से अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यह बड़े दुख की बात है। यह इतनी बड़ी योजना है जिस से हजारों एकड़ जमीन समतल हो सकती है और साथ ही डाकू उन्मूलन का काम भी हो सकता है। ऐसी महत्वपूर्ण योजना को इतने दिनों तक दबाये रखना ठीक नहीं है, उस पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिये।

**श्री रामचन्द्र विकल** (बागपत) : उपाध्यक्ष महोदय, कृषि और सिंचाई विभाग देश के बहुत से आवश्यक और उपयोगी विभागों में से एक है, जिस का जनजीवन से गहरा सम्बन्ध है। मैं इस की मांगों का समर्थन करता हूं और इस समय कुछ व्यावहारिक सुझाव देना चाहता हूं।

कृषि मूल्यों के सम्बन्ध में यहां पर सभी सदस्यों ने, इधर से भी और उधर से भी, कहा है कि बहुत कम निर्धारित हुए हैं, गेहूं

का मूल्य कम से कम 125 रुपये होना चाहिये। सरकार जो बोनस देना चाहती है, वह व्यावहारिक नहीं है। बोनस बनाने में और फिर किसानों को दिलाने में बहुत परेशानी होती है, किसानों को उस के मिलने की आशा भी नहीं है। बोनस की योजना जहां जहां जारी की गई उस में कठिनाइयां पैदा हुई हैं। इस लिये बोनस के बजाय कृषि का मूल्य बढ़ा दिया जाय, जिस से किसानों का पैदावार करना में उत्साह बढ़ेगा।

किसानों को जो सहायता दी जाती है—चाहे वे खाद के लिये हो या ट्यूब वैल के लिये हो या अन्य किसी मशीनरी के लिये हो, इस सहायता के अन्तर्गत अनेक राज्यों मे चैक फर्मों या दुकानदारों के नाम से काटे जाते हैं। इस योजना का सीधा सम्बन्ध विद्युत मंत्रालय से है, लेकिन यदि कृषि मंत्रालय प्रयत्न करे तो यह सहायता सीधे किसानों को दी जाय। किसानों को इस समय काफी कठिनाई होती है। निश्चित फर्म से सामान लेना पड़ता है जो मंहगा भी मिलता है और साथ ही उस में करप्शन भी होती है, मशीनरी भी खराब मिलती है। बैंकों से सीधा चैक यदि किसानों को दिया जाय तो वे अपनी मर्जी से मार्केट में सामान ले सकते हैं और इस से उन को आसानी भी होगी।

आजादी के बाद देश में जितना कार्य कृषि संस्थानों या विश्वविद्यालयों या कृषि फार्मों में हुआ है, उस का लाभ पूरे तौर से किसानों को नहीं मिला है। हमारे कृषि विशेषज्ञों का सम्बन्ध सीधा गांवों से जोड़ा जाय और हर संस्था के साथ कुछ गांव लगा दिये जायें। ऐसा परीक्षण उत्तर प्रदेश में किया गया जो बहुत उपयोगी साबित हुआ। वहां के विभागीय अफसर और कर्मचारी गांवों में जा कर अपने अनुभव की बातें सीधे ग्रामीणों को बतलाते हैं आज गांव वाले नई नई बातों को जानना चाहते हैं। हमारे यहां जितना शोध का काम हुआ है यदि यह गांव तक पहुंच जाय तो इस से बहुत लाभ हो सकता है लेकिन इस के लिये हमारे विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों को इन्टरेस्ट लेना होगा।

हमारे शोध सम्बन्धी कार्य और कृषि सम्बन्धी योजनायें जो बनती हैं, वे अंग्रेजी में बनती हैं, राष्ट्रभाषा हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में नहीं बनाई जाती। यदि इन को हिन्दी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में बना कर किसानों में बांटा जाय तो इन का बहुत अच्छा उपयोग हो सकता है। अभी तक हमारे किसान इन चीजों से महरूम रहते हैं और बांटने वाले उन को अपने तक ही सीमित रखते हैं।

भूमि अधिग्रहण का काम किसान के लिये मौत है। चाहे किसी योजना के लिये भूमि ली गई या बढ़ते हुए शहरों के लिये भूमि ली गई—किसान से जब भी भूमि ली गई उस को बहुत कम मुआवजा दिया जाता है और बाद में उस को बहुत ज्यादा मुनाफे पर बेचा जाता है। दिल्ली और उस के पास तो बहुत ही ज्यादा मुनाफा कमाया गया—यह चीज किसानों के हक में नहीं जाती है। एक और तमाशा है—जो भूमि अधिग्रहण की गई, 15-20 सालों से बेकार पड़ी है, उस का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। आज जब देश के अन्दर अन्न संकट है तो जिन से वह जमीन अधिग्रहण की गई है उन को ही खेती के लिये दे दी जाय, जब तक कि उस पर काम नहीं होता है, इस से जमीन का उपयोग भी हो सकेगा और पैदावार भी बढ़ सकती है।

हमारे यहां बहुत सी कृषि उपज की वस्तुओं के मूल्य फसल आने पर गिर जाते हैं, लेकिन फसल के बाद प्रायः बढ़ जाते हैं, चाहे वे वस्तुयें गरीब मजदूर को खरीदनी पड़े या उपभोक्ताओं को खरीदनी पड़े, मंहगे दामों पर खरीदनी पड़ती हैं। इस में सन्तुलन करने की आवश्यकता है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Member may continue on Tuesday.

---

15.29 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

FIFTY-FOURTH REPORT

SHRI RAM DHAN (Lalganj): I beg to move:

"That this House do agree with the Fifty-fourth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 9th April, 1975."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Fifty-fourth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 9th April, 1975."

*The motion was adopted.*

---

15.30 hrs.

RESOLUTION *RE*: MEASURES TO REMOVE ECONOMIC AND SOCIAL INJUSTICES TO WOMEN—*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: We resume discussion of the Resolution moved by Shri Indrajit Gupta. He may continue his speech.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): Mr. Deputy-Speaker, Sir, on the last occasion, I only had the time to read out the text of the Resolution, which I will not repeat now because it has been circulated to all Members.

15.31 hrs.

[SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI *in the Chair*]

Since the occasion for this discussion has arisen primarily due to the fact that the General Assembly of the United Nations has adopted a Resolution calling for the observance of this year 1975 as the International Women's Year, I would like to begin with by pointing out the significance of this decision. I may say also that it is somewhat ironical that it has fallen to my lot as a representative of the much maligned tribe of bachelors to move this Resolution. I am afraid, the majority of my colleagues, who are married men, do not seem to be so eager or enthusiastic to come forward to take initiative in this matter. If this Resolution has to be implemented, it has to depend on the actions by married men and not by bachelors.

I wish to point out that the Resolution adopted at the 27th Session of the United Nations General Assembly on the 18th December, 1972, which called upon all members-States and people to observe 1975 as the International Women's Year contains the following very pertinent paragraph in its preamble I am not going to quote more than that, because there is no time:

'Considering that it is necessary to strengthen universal recognition of the principles of equality of men and women, *de jure* and *de facto*, and that both legal and special measures have to be taken by Member-States which have not yet done so to ensure the implementation of women's rights..."

I wish to point out that the United Nations has laid particular stress on the fact that by equality of men and women, they mean not only *de jure* equality, but also *de facto* equality, not equality which is simply on paper, but equality in actual practice and in effect. Secondly, this paragraph has called upon Member-States to take specific legal and social measures to ensure implementation of women's right, and this is the point on which I wish to develop my arguments.

I was looking through the proceedings of the Committee which was set up by the United Nations much earlier in 1967 to discuss the Draft Declaration on the Elimination of Discrimination